*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 19 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय में कृषि विज्ञान केन्द्र, काशीपुर द्वारा राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगला में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्लोगन एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बालिकाओं को जैविक कचरा, जैविक कचरे का उपयोग कृषि में किस प्रकार से कर सकते है, के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा. अजय प्रभाकर ने बालिकाओं को केचुए की खाद के उपयोग के सम्बध में जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा. प्रतिभा सिंह, डा. एस.के. शर्मा ने स्वच्छता ही सेवा है पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में कुमारी निखत, कक्षा–8 प्रथम स्थान, कुमारी ज्योति तिवारी, कक्षा–09 द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान कुमारी निधि, कक्षा–10 ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती अंजु नेगी, श्रीमती दीपा रौतेला, श्रीमती हेमा, श्रीमती पूर्णिमा चौधरी, श्रीमती गोदावरी पन्त, श्रीमती बबीता शाह, श्री कुंवर सिंह रावत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूर्णिमा चौधरी द्वारा किया गया।